**A**



समग्र शिक्षा केरलम्
Samagra Shiksha Keralam

# समग्र शिक्षा केरलम्

## योगात्मक आकलन (I) 2026-27

## हिंदी

**कक्षा 6** **समय 2:15 घंटे**

**सामान्य निर्देश :**

- **पहले पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।**
- **कुल 6 प्रश्न हैं। सभी के उत्तर लिखना अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्न संख्या 2 और 3 में विकल्प हैं।**

---

**1. सूचना : 'नीली चिड़िया' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

नीले आसमान से उतरी

नीली एक निराली चिड़िया

गाती उड़ने वाली चिड़िया,

उड़ती गाने वाली चिड़िया।

क) कवितांश से समान आशय वाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

नीले आसमान से एक अनोखी नीली चिड़िया उतरी।

ख) कविता से चुनकर लिखें।

जैसे : उड़ने वाली

ग) चित्र देखें, **दो वाक्य** लिखें।



**2.(A) सूचना : 'रू रू' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

रू रू चिड़िया के साथ चल पड़ा। बच्चे ज़मीन पर बेहाल पड़े हुए थे। चिड़िया ज़ोर से रोई। उसकी आवाज़ सुन उसका साथी उड़ता हुआ आया। उन दोनों को उदास देख रू रू को एक ख्याल आया।

क) चिड़िया के साथ कौन चल पड़ा?

ख) कौन ज़ोर से रोई?

अ) चिड़िया  आ) बिल्ली  इ) गाय  ई) मछली

ग) **क्रम से** लिखें।

अ) चिड़िया की आवाज़ सुनकर उसका साथी आया।

आ) चिड़िया और साथी उदास हुए।

इ) बच्चे ज़मीन पर बेहाल पड़े थे।

अथवा

**2.(B) सूचना : 'रू रू' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

रू रू एक कंगारू का बच्चा था। कंगारू के बच्चों को जोइस कहते हैं। वैसे ही जैसे कुत्ते के बच्चे को पिल्ला और बिल्ली के बच्चे को बिलौटा कहते हैं। उसकी अम्मी उसे रू रू बुलाती थी क्योंकि वह हमेशा रोता रहता था।

क) कौन हमेशा रोता रहता है?

अ) रू रू  आ) अम्मी  इ) बिल्ली  ई) पिल्ला

ख) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) रू रू कंगारू का बच्चा है।

आ) रू रू कुत्ते का बच्चा है।

इ) रू रू बिल्ली का बच्चा है।

ई) रू रू चिड़िया का बच्चा है।

ग) नमूने के अनुसार पूर्ति करें।

| | |
|---|---|
| मुर्गी | चूज़ा |
| कुत्ता | ................ |
| .............. | जोइस |
| बिल्ली | ................ |

**3.(A) सूचना : चित्र देखें, प्रश्नों के उत्तर लिखें।**




क) राष्ट्रीय पक्षी दिवस कब मनाता है?

ख) चित्र देखें, बिंदुओं की सहायता से **विवरण** तैयार करें।

सहायक बिंदु:
- मिलकर तैयारी करना
- पक्षी दिवस मनाना
- पीने का पानी रखना
- सहजीवों से प्यार करना

अथवा

**3.(B) सूचना :'रू रू' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"रुको...रुको...जाओ मत।" चिड़िया के पीछे कूदता हुआ रू रू ने चिल्लाया। चिड़िया बोली "मैं रुक नहीं सकती। बहुत बुरा हो गया है।" "क्या बुरा हुआ?" "पिछली रात भयानक तूफ़ान आया था।..."

क) किसने चिल्लाया?

ख) **बातचीत** की पूर्ति करें।

रू रू : रुको ...रुको...जाओ मत।

चिड़िया :................................................

रू रू : ................................................

चिड़िया : पिछली रात भयानक तूफ़ान आया था।

रू रू :................................................

चिड़िया :................................................

**4. सूचना : पाँच सार्थक शब्द ढूँढ़ें, लिखें।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आ | स | मा | न |
| वा | का | ग | ज़ |
| ज़ | मी | न | पा |
| क | प | क्षी | नी |
| बा | द | ल | स |

अ) ................ आ) ................ इ) ................ ई) ................ उ) ....................

**5. सूचना : 'बादल' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मोर मगन मन, छूम छनन छन
झूम झूमकर नाच दिखाए
खुश हो होकर गाना गाए
बरसे बादल, कलकल छलछल
तैर चली कागज़ की नैया
पूँछ उठाकर भागी गैया

क) पूँछ उठाकर कौन भागती है?

अ) बादल आ) मोर इ) गाय ई) नाव

ख) नमूने के अनुसार एक जोड़ा चुनकर लिखें।

जैसे: मगन - छनन

ग) इस चित्र की **आशय वाली पंक्तियाँ** कविता से चुनकर लिखें।

.............................................................
.............................................................
.............................................................



**6. सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

स्वतंत्रता हमारा अधिकार है। 1947 अगस्त 15 को भारत ने अंग्रेज़ों से स्वतंत्रता प्राप्त की। हमारा देश हर साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं।

क) भारत ने अंग्रेज़ों से कब स्वतंत्रता प्राप्त की?

ख) स्वतंत्रता दिवस का संदेश देने वाला एक **पोस्टर** तैयार करें।